# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 15 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 8 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक


# हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर में स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर में स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने एकजोटिका होटल में इंदौर ग्रामीण जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया। तत्पश्चात श्री हेमंत खण्डेलवाल ने खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया एवं दाता बंदीछोड़ गुरूद्वारा पहुंचकर मत्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है। श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे, श्रद्धेय प्यारेलाल खण्डेलवाल जैसे अनेक महापुरूषों के त्याग और तपस्या से पाटी संगठन को मध्यप्रदेश में मजबूत किया। पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ता तैयार किए और संगठन को मजबूत बनाया। कार्यकर्ता जब-जब मुझे याद करेंगे, वे मुझे अपने बीच ही पाएंगे। आप सभी कार्यकर्ता जनता की सेवा और चिंता करें, पार्टी संगठन आप सभी की चिंता करेगा। प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल में स्वर्गीय कैलाश जोशी की छवि दिखाई देती है। श्री खण्डेलवाल स्वर्गीय जोशी जी की तरह सहज, सरल व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने वाले हैं।



सभी कार्यकर्ता मिलकर भाजपा को नई बुलंदियों तक लेकर जाएंगे- श्री हेमंत खण्डेलवाल- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत व परिश्रम से भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। मध्यप्रदेश में भाजपा संगठन बहुत मजबूत स्थिति में है, इसका श्रेय भी आप सभी कार्यताओं को ही जाता है। हमें उन कार्यकर्ताओं और नेतृत्वों को भी हमेशा याद रखना है, जिन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत कर हमें जनता की सेवा करने का अवसर दिलाया है। यह भारतीय जनता पार्टी ही है, जहां कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलता है। इसका सबसे ताजा उदाहरण गांव-आदिवासी अंचल के बेटे व पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष जैसा दायित्व सौंपना है। भाजपा में सभी कार्यकर्ता समान हैं, पार्टी समय-समय पर दायित्व सौंपती रहती है। सभी कार्यकर्ता तालमेल और सामंजस्य के साथ पार्टी को और मजबूत कर नई बुलंदियों तक ले जाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसा भारत बना रहे हैं, जिसमें हर भारतीय को गर्व महसूस हो। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री जी ऐसा भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, जो दुनिया का नेतृत्व करे।

भाजपा में कार्यकर्ता खुद को प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। हमें पार्टी संगठन को मजबूत बनाने वाले अपनी पार्टी के पूर्ववती श्रद्धेय कार्यकर्ताओं को भी याद करना होगा, जिन्होंने पार्टी संगठन को यहां तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मैं भी पार्टी का सामान्य कार्यकता हूं। भाजपा संगठन का हर कार्यकर्ता खुद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें। सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान हमेशा बरकरार रखा जाएगा। आप सभी कार्यकर्ता किसी दायित्व में रहें या न रहें, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनता के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवथा बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास कर देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मैं आप सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण और जनहितैषी कार्यों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। आप सभी कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, जनता की सेवा करें। पार्टी संगठन आप सभी कार्यकर्ताओं की चिंता करेगा।

कार्यकर्ता सेवा के साथ समाज की विकृति दूर करने का कार्य करते हैं -श्री कैलाश विजयवर्गीय

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। भारतीय जनता पार्टी ही सामान्य कार्यकर्ता को भी शीर्ष पर बैठाती है और कोई राजनीतिक दल के पास ऐसा उदाहरण नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल के पिताजी स्वर्गीय विजय खण्डेलवाल को मैं बड़ा भाई मानता था। उनका स्वभाव सहज, सरल और विनम्र था। हम सभी ने स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा के समय से अभी तक बहुत प्रदेश अध्यक्ष देखे है। सभी प्रदेश अध्यक्षों में अलग-अलग विशेषताएं थी, परंतु श्रद्धेय कैलाश जोशी जी की छवि ईमानदार, सहज, सरल और कार्यकर्ता भाव की था। उनकी किसी भी मंच पर सच बोलने की क्षमता भी थी। श्रद्धेय कैलाश जोशी जी की छवि श्री हेमंत खण्डेलवाल में नजर आती है। भारतीय जनता पाटी सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नहीं समाज में सुधार लाने का कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में इस कार्य में लगे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास में निरंतर आगे बढ़ रही है। हमारा दायित्व है कि हम सभी कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं से जनता को लाभ दिलाना है। हमें लगातार जन-जन से संपर्क करते हुए पोलिंग बूथ को मजबूत करना है। जब पोलिंग बूथ मजबूत हो जाता है तो चुनाव जीतना हमारे लिए बहुत आसान हो जाता है।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान मंच पर वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सुमित्रा महाजन, वरिष्ठ नेता श्री कृष्णमुरारी मोघे, प्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती, संभाग प्रभारी श्री राघवेन्द्र गौतम, संभाग सह प्रभारी श्री तेजबहादुर सिंह, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल,नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा,विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड, श्री महेंद्र हार्डिया, श्री मनोज पटेल, इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री श्रवण चावड़ा, श्री बाबूसिंह रघुवंशी, श्री सत्यनारायण सत्तन, श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री गोपीकृष्ण नेमा, श्री संजय शुक्ला, श्री गौरव रणदिवे, श्री कैलाश शर्मा, पूर्व महापौर डॉ. उमाशशि शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री जयपालसिंह चावड़ा, श्री सावन सोनकर, श्री प्रताप करोसिया, श्री महेश ढालिया, श्री रघुवीर पटेल, डॉ निशांत खरे, श्री पंकज संघवी, श्री अक्षय कांति, श्री सूरज कैरो, श्रीमती अंजू माखीजा, श्रीमती मुद्रा शास्त्री, श्री हरिनारायण यादव उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रथम बार इंदौर पधारे


आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक


**इंदौर। इस अवसर पर उनके साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री खजराना गणेश जी के पावन चरणों में पूजन-अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की।**

इसके उपरान्त गुरुद्वारा पहुंचकर श्रद्धाभाव से मत्था टेका तथा संगत के साथ अरदास की।



इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी, साथ ही मंत्री तुलसीराम सिलावट जी, संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम जी, सांसद शंकर लालवानी जी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी, विधायक रमेश मेंदोला जी, विधायक महेंद्र हार्डिया जी, विधायक मधु वर्मा जी, नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा जी, पूर्व जिला अध्यक्षचिंटू वर्मा जी सहित सभी भाजपा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### सी सी रोड का भूमि पूजन

## हाटपिपल्या के वार्ड क्रमांक 9 और 10 के बीच सात लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का किया भूमिपूजन

**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या में नगर विकास को लेकर नगर परिषद ने सीसी रोड़ बनाने का कार्य शुरू कर दिया है आपको बता दे नगर हाटपिपल्या के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड़ बनाने का कार्य किया जाएगा जो कि नर्मदा लाइन की वजह से रुका हुआ था अब नर्मदा लाइन का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है जहां नर्मदा लाइन का कार्य पूरा हो गया है वहां पर सीसी रोड़ का कार्य शुरू करने के लिए भूमिपूजन किया गया आज हाटपिपल्या के वार्ड क्रमांक 9 और 10 के बीच 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर और पार्षदों ने वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया,पार्षद



प्रतिनिधि अजीत राजावत ,राजेश तवर, बंसीलाल तवर, राजकिशोर जायसवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र राजावत,पार्षद मदन बुंदेला,संदीप मालवीय, बबलू जाट,चेतन रघुवंशी महिपाल उदावत सहित वार्डवासी उपस्थित थे !

# पेट्रोल पंप की जांच

**संजय प्रेम जोशी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के रतलाम प्रवास पर उनके काफिले में चलने वाली गाड़ियों में डीजल की जगह, पानी पेट्रोल पंप द्वारा भर दिया गया था, इस घटना के बाद से प्रशासन सचेत हुआ और पूरे मध्य प्रदेश में पेट्रोल पंप की जांच के निर्देश जिलाधीश महोदय को दिए गए ,उसके बाद पूरे प्रदेश में पेट्रोल पंप की जांच शुरू हो गई इसी के अंतरगत देवास जिले के कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागली आनंद मालवीया , तहसीलदार बागली नीरज प्रजापति सहायक आपूर्ति अधिकारी अभिषेक मोर और नापतोल निरीक्षक श्याम दुबे के संयुक्त जांच दल के द्वारा चापड़ा और बागली के पेट्रोल पंपो की आकस्मिक जाँच की गई। जिसमें चापड़ा स्थित इंद्रा ऑटो सर्विस इंडियन आयल डीलर के पेट्रोल पम्प पर निर्धारित मात्रा से



प्रति 5 लीटर 40 मिली डीजल कम देने पर प्रकरण दर्ज कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 30 के अंतर्गत कर्यवाही कर पम्प का उक्त नोजल सील किया गया। जबकि राजा ऑटो इंडियन आयल चापड़ा , कमला फिलिंग बागली bpc तथा रामबाग फिलिंग ioc बागली की जाँच में पेट्रोल पंप संचालन नियमानुसार सही पाया गया कलेक्टर महोदय द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिले के समस्त पेट्रोल पंप अपने उपभोक्ताओं को सही मात्रा में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई करे एवं किसी भी प्रकार की उपभोक्ता द्वार की शिकायत पर तुरंत करवायी होगी।

# शिवपुरी के नरवर में निकला जुलूस
# सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### मोहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिए

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी जिले के नरवर में मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की याद में ताजियों का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस नरवर कस्बे के विभिन्न इलाके से निकाला गया। क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर इसमें भागीदारी की। जुलूस के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। नरवर थाना प्रभारी विनय यादव ने सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व किया।

यह परंपरा वर्षों पुरानी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद हर साल श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। नरवर कस्बे में अनेक जगहों पर ताजिये रखे गए। आयोजन





की शांति और मर्यादा बनाए रखने में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

युवा कमेटी के ताजिए पर कोंच से आए कृष्णा पटेल बैंड के सभी कलाकारों का भी बहुत योगदान रहा उन्होंने अपनी अच्छी कव्वालियों के साथ शानदार प्रस्तुति थी सभी ताजिए 4:00 बजे अपने मुकाम से बैंड के मातिमे धुनों के साथ करबला के लिए निकले और रात 11:00 मगरोनी के पुल पर करबला पहुंचे इसमें युवा कमेटी के सभी लोगों का अच्छा साथ रहा आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए एवं शांति सौहार्द के साथ अपने इस जुलूस को समाप्त किया फर्स्ट प्राइज का दर्जा इमामबाड़ा युवा कमेटी ताजिया रहा इसमें शिवपुरी के कलाकारों ने अपनी अच्छी कला को प्रस्तुत किया।

### समाजवादी पार्टी

## मोहम्मद अली सिद्दीकी व मनोज हडिया को संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया



**इंदौर।** समाजवादी पार्टी ने मोहम्मद अली सिद्दीकी वह मनोज हडिया जी को जिला संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया इस अवसर पर सुषमा यादव नगर जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव नगर उपाध्यक्ष बटेश्वर सिंह जिला अध्यक्ष अंजना यादव समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव माखन सिंह यादव प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री प्रदेश आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदन सिंह मकवाना जी डीएस मिश्रा जी आदि ने मोहम्मद सिद्दीकी जी को वह मनोज जी को समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी।

## पुलिस की सुरक्षा के बीच मोहर्रम के ताज़िए शांतिपूर्ण माहौल के साथ निकले एवं पुलिस व प्रशासन की मुस्तैदी से जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा

मोहर्रम पर्व के दौरान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड के निर्देशन में जिलेभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई, पुलिस द्वारा बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार निगरानी बनाये रखते हुये मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराया । जिला शिवपुरी मे मोहर्रम का त्योहार मानाया गया, त्योहार के दौरान



शिवपुरी पुलिस द्वारा ज्यादा से ज्यादा समय ड्यूटी मे लागाकर जिले मे शांति व्यवस्था को बनाये रखा । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने स्वयं जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुये सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा सतर्कता से ड्यूटी करते हुए जिले में कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होने दी। मोहर्रम पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों मे लगे फोर्स, सीसीटीव्ही कैमरों और ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की गई। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा ड्युटी मे लगे बल की प्रसंशा करते हुये बधाई दी।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 8 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक



(गुलनाज़ शेख)

# मोहर्रम जुलूस 2025: राजवाड़ा पर आज़ाद नगर गोली कारखाना की झांकी ने जीता First Prize, पूरे शहर का दिल भी

इंदौर। शहर के दिल, ऐतिहासिक राजवाड़ा पर इस वर्ष का मोहर्रम जुलूस भव्यता, परंपरा और संस्कृति के मेल का प्रतीक बनकर उभरा। शनिवार रात जैसे ही ताजियों की रवानगी शुरू हुई, पूरा इलाका रोशनी और श्रद्धा से सराबोर हो गया। शहर भर से आई झांकियों और जुलूसों ने इस बार एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। लेकिन इस भीड़ में जिसने सबसे ज़्यादा तालियां बटोरीं — वह रही "आज़ाद नगर गोली कारखाना" की झांकी।

*कला, परंपरा और अनुशासन का अद्भुत संगम।*

"आज़ाद नगर गोली कारखाना" की परफॉर्मेंस में सिर्फ शारीरिक प्रदर्शन नहीं था — उसमें एक कहानी थी, एक भावना थी, और एक सामाजिक संदेश भी। उनकी झांकी में ढोल-नगाड़ों की थाप, तलवारबाजी के जीवंत दृश्य, और पारंपरिक पोशाकों के साथ युवाओं की अनुशासित चाल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में ना सिर्फ धार्मिक आस्था झलकती थी, बल्कि युवा पीढ़ी की रचनात्मकता और सशक्त टीमवर्क भी साफ दिखा First Prize की घोषणा और जश्न । कार्यक्रम के निर्णायकों ने कई मानकों पर झांकियों का मूल्यांकन किया — जिसमें शामिल थे तालमेल, कला प्रदर्शन, सामूहिक भागीदारी, और सांस्कृतिक प्रस्तुति का प्रभाव। इन सभी श्रेणियों में आज़ाद नगर की टीम अव्वल रही। घोषणा होते ही तालियों की गूंज और जश्न की लहर पूरे राजवाड़ा में दौड़ गई।









टीम लीडर ने कहा, "यह सिर्फ हमारी जीत नहीं है, यह पूरे मोहल्ले की मेहनत और इज्ज़त का परिणाम है। हम हर साल कुछ नया दिखाने की कोशिश करते हैं और इस बार मेहनत रंग लाई।" भीड़ का उत्साह और सामाजिक जुड़ाव ।

इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। राजवाड़ा से लेकर बम्बई बाज़ार तक पूरा इलाका रोशनी से जगमगा रहा था। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी ने मोहर्रम की इस परंपरा में उत्साह से भाग लिया। कई दर्शकों ने बताया कि उन्होंने पहली बार इतना सुसंगठित और भावनात्मक प्रदर्शन देखा, जिसमें परंपरा के साथ आधुनिक प्रस्तुति का भी समावेश था। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी रही कड़ी । मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ड्रोन कैमरों, CCTV और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती ने सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखा। कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं आई। आज़ाद नगर की मेहनत ने बयां किया जज़्बा। हर साल मोहर्रम पर झांकियों की तैयारी महीनों पहले शुरू होती है इस बार "आज़ाद नगर गोली कारखाना" की टीम ने 40 से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी, पारंपरिक हथियारों के प्रदर्शन की पूर्व रिहर्सल की और अपने ड्रेस कोड, अनुशासन और स्क्रिप्ट पर विशेष ध्यान दिया। मोहर्रम जुलूस सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक है।इस बार की प्रस्तुति ने ये साबित कर दिया कि जब परंपरा से जुड़ता है आधुनिक सोच, तो कला सिर्फ सराही नहीं जाती — बल्कि इतिहास रच देती है।





PHE अधिकारी, इंजीनियर नवनीत मेढा



PHE उपयंत्री छाया दुबे



# PHE विभाग का खेल बिना पानी बहा दिए करोड़ों कागज़ों में 100% योजना पूरी, ज़मीन पर 0% पानी

## जिले के उच्च अधिकारी है मोन कहीं भ्रष्टाचार की खुल न जाए पोल PHE विभाग

**देवास जिले की ग्राम पंचायत बहिरवद, पिपलियानानकार, मुरझाल गुडबेल, गोलागुठान , दुदवास,आमला, सहित कई दर्जनों गांवों में केंद्र सरकार की बहुप्रचारित नल-जल योजना अब घरों मे ना-जल ना-नल भ्रष्टाचार की योजना बन चुकी है। सरकार के रिकॉर्ड में योजनाएं 100% पूरी दिखा दी गईं, लेकिन ज़मीनी सच्चाई कुछ और ही बया कर रही है।**

गांवों में आज तक न तो नल में पानी आया, न टंकी चालू हुई। तो कही तो ठेकेदारों ने आधा-अधूरा काम किया इतना ही नही पीएचई विभाग के अधिकारियों व इंजीनियरों ने मिलकर योजनाओं को फर्जी तरीके से "पूर्ण" घोषित कर दिया। करेंगे भी क्योकि पत्रकारों को तो इन लोगो ने खरीद लिया है ख़बर चलाने का पैसा दिया ये हम नही खुद पीएचई विभाग की उपयंत्री छाया दुबे और खातेगाँव उपयंत्री नवनीत मेंढा कह रहे है इतना ही यह ये आधि कारी वीडियो मे यह भी कह रहे है कि घोटाला तो हुआ है जिनकी कुछ दिनो पहले शोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ है गांव की गलियों में न नल फिटिंग हुई और न ही पाइपलाइन सही गहराई में डाली गई। तीन फीट की खुदाई की जगह केवल डेढ़ फीट की मिट्टी खोदी गई, जिससे पाइप उखड़ गए है तो कही टूट गए है । कई जगह तो गांवों की सड़कों को भी नुकसान पहुंचाया है लेकिन उनकी मरम्मत तक नहीं की ! ग्रामीण आज भी दूर कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। महिलाएं और बच्चे पानी के लिए रोज़ाना संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अफसर और ठेकेदार फाइलों में विकास के झूठे पुल बाँध रहे हैं।

कुछ पंचायतो के सरपंचों का आरोप है कि दबाव बनाकर अधूरी टंकी पंचायत को हैंडओवर करवाई गई। एक सरपंच ने कहा, "हमें बताया तक नहीं गया कि टंकी में कितना काम बाकी है। PHE अधिकारी, इंजीनियर और ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज गांव वाले अपनी दूर कुएं से ला रहे हैं।

सबसे गंभीर बात यह है कि PHE विभाग के , इंजीनियर, ठेकेदार और अधिकारियों की खुली मिलीभगत से करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। कागज़ों में पानी बहाया गया, लेकिन ज़मीनी हकीकत सूखी रह गई। गाँव की जनता पुछ रही है PHE विभाग के अधिकारीयों और इंजीनियर, जवाब दो आपने बिना काम देखे ठेकदार को भुगतान कैसे कर दिया..? क्या आप सब कमीशन का टेंडर लेकर बैठे हो ..? पानी की टंकी घोटाले में विभाग की चुप्पी अब शक नहीं, सीधी भागीदारी साबित हो रही है है कि आपने गांव वालों को पानी देने में कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई है क्या "हर घर जल" सिर्फ स्लोगन बनकर रह गया है ?

पत्रकार अरुण उइके देवास

# प्रेरक प्रसंग

## “दान में भी हो विवेक-जब युधिष्ठिर को दान के अहंकार का बोध हुआ”



राजेश धाकड़

महाराज युधिष्ठिर धर्मराज के रूप में विख्यात थे। उनका यह दृढ़ संकल्प था कि वे अपनी प्रजा को सदा दान देते रहें। उनके पास एक अक्षय पात्र था, जो जो कुछ भी माँगा जाता, तत्काल प्रदान कर देता। युधिष्ठिर अपने दान के बल पर शिवि, दधीचि और हरिश्चंद्र जैसे महान दानवीरों को भी पीछे छोड़ देना चाहते थे। उनके राजप्रासाद में प्रतिदिन सोलह हजार आठ ब्राह्मण भोजन करते और उन्हें विभिन्न प्रकार का दान भी दिया जाता। यह क्रम निरंतर चलता रहा परन्तु दान के इस उत्सव में एक सूक्ष्म अहंकार भी जन्म ले चुका था।

यह बात भगवान श्रीकृष्ण से छिपी नहीं रही। उन्होंने युधिष्ठिर को पाताल लोक ले जाकर असुरराज बलि से भेंट कराई। बलि ने आदरपूर्वक स्वागत किया। श्रीकृष्ण ने बलि से पूछा, “क्या आप इन्हें जानते हैं?” बलि ने विनम्रता से कहा, “नहीं प्रभु, मैं पूर्व से इनसे परिचित नहीं हूँ।” श्रीकृष्ण बोले, “ये पांडवों में ज्येष्ठ हैं, और दानवीर युधिष्ठिर के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनके दान से पृथ्वी का कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं है, किन्तु आज लोग आपको (बलि को) भूल गए हैं।” बलि मुस्कराए और बोले, “प्रभु, यह तो कालचक्र की विशेषता है अतीत धुंधला पड़ जाता है और वर्तमान ही पूजनीय हो जाता है। मुझे प्रसन्नता है कि धर्मराज युधिष्ठिर के पुण्य कार्यों ने मेरी कथा को पीछे कर दिया है।” तब श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर के अक्षय पात्र का उल्लेख करते हुए बताया कि वे प्रतिदिन हजारों ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। इस पर बलि चौंके और बोले,

“यदि यह दान है, तो पाप क्या है?

हे धर्मराज! आप अपने दान से ब्राह्मणों को कर्महीन बना रहे हैं। क्या आपकी प्रजा को अब यज्ञ, अध्ययन-अध्यापन, अग्निहोत्र आदि की कोई आवश्यकता नहीं? केवल जयकार सुनने के लिए दान देना यह दान नहीं, दोष है।”

बलि ने आगे कहा, “मेरे राज्य में ब्राह्मण कर्मयोगी हैं, वे बिना परिश्रम के दान स्वीकार नहीं करते। कोई भी याचक अगर त्रिलोकपति भी बन जाए, तब भी वह प्रतिदिन मुँह खोलकर भोजन मांगने नहीं आएगा। कर्महीनता को बढ़ावा देना पुण्य नहीं, पतन है।”

यह सुनकर युधिष्ठिर स्तब्ध रह गए। उन्हें अपने दान में छिपे अहंकार और उसकी सामाजिक हानि का बोध हो गया। उन्होंने सिर झुकाकर मौन स्वीकारोक्ति दी।

शिक्षाः दान का उद्देश्य आत्मप्रदर्शन नहीं, परोपकार होना चाहिए। जब दान पुरुषार्थ और कर्म को कुंठित करे, तो वह पुण्य नहीं, पाप बन जाता है।

# सद्गुरु वही है

## जो मनुष्य को गरिमामय व तेजपूर्ण बना दे



गुरु की महिमा हमारे शास्त्रों में ईश्वर से अधिक मानी गई है क्योंकि ईश्वर मनुष्य को जन्म देता है, उसका निर्माण करता है व गुरु मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण करता है वह उसे पुनर्जन्म प्रदान करता है। सहजयोग संस्थापिका आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी निर्मला देवी जी समस्त गुरुओं की भी गुरु है व उनके द्वारा स्थापित सहजयोग मानव को भवसागर के पार ले जाने का अत्यंत ही सुगम मार्ग है। श्री माताजी के अनुसार, “सदगुरु का स्थान अपने शरीर में है , जो हमारे शरीर में हमारी नाभि के चारों तरफ है ।... सद्गुरु का स्थान आपमें बहुत पहले से स्थापित है । गुरुतत्व अनादि है आपमें अदृश्य रूप से तीन मुख्य शक्तियाँ कार्यान्वित हैं - महाकाली , महासरस्वती एवं महालक्ष्मी की शक्ति । हमारा गुरुतत्व इन तीनों के समन्वय से बना है , यह गुरुतत्व हमारे अन्दर परमेश्वर ने बहुत ही नूतन स्वरूप में स्थापित किया है ।”( प पू श्री माताजी, 25/7/1979 )

"गुरु शब्द का अर्थ है गुरुत्व । आपके गुरुपद की द्वितीय अवस्था में गुरुत्व की अभिव्यक्ति होना आवश्यक है । गुरुत्व तो आपके अन्दर है , ज्योंही आप साक्षी बनते हैं आपका गुरुत्व स्वतः ही प्रकट होने लगता है । यह क्रोध या गम्भीरता के रूप में नहीं प्रकट होता है , इसकी अभिव्यक्ति तो इस प्रकार होगी कि सभी कुछ अत्यन्त गरिमामय और तेजपूर्ण बन जाएगा।” ( प पू श्री माताजी, 19/7/1992 )“ ..... जिस व्यक्ति को परमात्मा पर विश्वास है वह स्वयं परमात्मा है । गुरु को ब्रह्मचैतन्य कहते हैं । जब आपका विश्वास पूर्णतया स्थिर हो जाता है कि सर्वशक्तिमान परमात्मा हैं और मैं उनका दूत हूँ और जब आपमें यह विश्वास पूर्णतया दृढ़ हो जाता है तब आप गुरुपद पर आरूढ़ हो जाते हैं ।” ( प पू श्री माताजी,19/7/1992 ) इसीलिए श्री माताजी सहजयोग में कुंडलिनी जागरण से पूर्व आपको अपने स्वयं के गुरु होने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। जिससे आप सदैव आनंदमय व साक्षी स्वरूप रहते हुए परम चैतन्य से एकाकारिता को स्थापित कर सकें। आत्म ज्ञान के प्रकाश में कुंडलिनी शक्ति की उर्जा द्वारा प्रेममय व करुणामय तरीके से अनेकानेक साधकों को भवसागर से मुक्ति का मार्ग दिखा सकें। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।





# 6 जिलों के पुलिसकर्मी नहीं बना सकेंगे रील

## शिवपुरी जिले के पूर्व एसपी रीवा रेंज के डीआईजी का आदेश

## 3 दिन तक थाना प्रभारी पुलिसकर्मियों को पढ़कर सुनाएंगे

रीवा में लगातार पुलिसकर्मियों द्वारा बनाई जा रही को देखते हुए डीआईजी राजेश सिंह ने सख्ती दिखाई है। जहां सोमवार को आदेश जारी कर ऐसे पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए सख्त हिदायत दी गई है। जिसमें रीवा जोन में आने वाले सभी 6 जिलों के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। दरअसल पूरा मामला उस वक्त सुर्खियों में आ गया था। जब सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने माधुरी दीक्षित के रोमांटिक गाने पर थाने के भीतर रील बनाकर अपने इंस्टा अकाउंट से पोस्ट कर दी। जो देखते ही देखते जमकर वायरल हो गई। रील के वायरल होते ही लोगों ने थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक लिखा कि आपको पुलिस विभाग नहीं बल्कि मुम्बई में होना चाहिए।

हालांकि थाना प्रभारी ने रील को पुराना होना बताया। लेकिन रील शनिवार को वायरल हुई। जिसके बाद पुलिस विभाग की जमकर किरकरी होनी शुरू हो गई। उधर सोमवार को डीआईजी ने आदेश जारी कर दिया। जानकारी के मुताबिक रीवा में इससे पहले भी रीवा में पुलिस कर्मियों के कई रील वीडियो वायरल हो चुके हैं। डीआईजी ने अपने आदेश में लिखा कि प्रायः देखा जा रहा है कि बहुत से पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल/अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया





जाना अनुशासन के सर्वथा विपरीत होकर उसकी पद और गरिमा के भी प्रतिकूल है। जिससे आज जनता के मध्य पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इसलिए रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली, मऊगंज के अधीनस्थ समस्त पुलिसकर्मियों को कड़ी हिदायत दी जाती है कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें। जिससे पुलिस विभाग की गरिमा को क्षति पहुंचे। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए, यह आप सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए अथवा कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजें। जिसके लिए वह अधिकारी या कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सभी पुलिस अधीक्षक सख्त निर्देश का पालन सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को देकर इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे यह निर्देश सभी कर्मचारियों को 3 दिवस तक रोल काल में पढ़कर सुनाएं और इस आशय की रिपोर्ट रोजनामचा सान्हा में भी दर्ज करें और पुलिसकर्मियों को दें। कृपया निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। डीआईजी के इस आदेश को देखने के बाद हर कोई कह रहा है कि रील बाज पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर अब पुलिस प्रशासन सख्त है।


दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888


## क्षत्रिय नायक समाज की बेटियों ने नेशनल पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता जीते गोल्ड मैडल!



इंदौर जिले के देपालपुर तहसील के ग्राम भीडोता की रहवासी क्षत्रिय नायक समाज की बेटियों ने दिल्ली मे आयोजित नेशनल पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता मे जीता गोल्ड मैडल गाँव पहुंचने पर गोरी राठौर और खुशबु राठौर दोनों बहनो का समाज बंधुयों ने एवं समस्त ग्राम वासियो ने भव्य स्वागत किया समाज की दोनों बेटियों को क्षत्रिय नायक समाज की और से बहूत बहूत शुभकामनायें, हम महाराज पाबूजी राठौर से आपके मंगल जीवन की कामना करते है ! आप इसी प्रकार परिवार समाज एवं देश का नाम रोशन करे ! इस अवसर पर नायक समाज के सभी सम्मानित वरिष्ठ गण व युवा संगठन के पदस्थ व्यक्ति मौजूद रहे !

**बधाई कर्ता**

1) सुभाष राठौड़ जी प्रदेश अध्यक्ष
नही तो वो नाराज़ होंगे
2)भाई सुशील भाटी जी प्रदेश सचिव
3) महेश जी सोंडिया ट्रस्ट अध्यक्ष4) इंदौर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पावर जी
5 ) बड़े भाई योगेश चौहान जी
नायक समाज मित्र मण्डल

# सरकारी ताजिए सहित निर्माणकर्ता एवं कलाकारों का किया सम्मान शहर काजी को शॉल उड़ा कर प्रतीक चिह्न दिया

**रणजीत टाइम्स**

**संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी यशवंत रोड पर मंच लगाकर कर्बला जाने वाले तमाम अखाड़े एवं ताजिए के संचालक कर्ताओं एवं कलाकारों का सम्मान इस मंच से किया गया।**

संस्था अध्यक्ष मंजूर बेग ने होलकर वंश के जमाने से लगातार सरकारी ताजिए का निर्माणकर्ता एवं मुख्य शहर काजी डॉक्टर इशरत अली को शॉल उड़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया इस कड़ी में किन्नर समाज एवं खटीक समाज के ताजियों का भी स्वागत कर प्रतीक चिन्ह दिए गए ताजिए अखाड़े झांकियों के उस्ताद खलीफा कलाकारों को भी चंदन की





माला पहना कर प्रतीक चिन्ह दिए गए इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रियाज खान नवीन बजाज सोहेल पठान बाबा माहिर शाह जफर खान रवीश पचोरिया सुभाष दीवान धर्मेंद्र पेमल एजाज कुरैशी समीर बैग गोलू शेख फैजान बैग पत्रकार जाकिर खान फरहान बेलिम शकील खान मोनू खान आदि लोग मौजूद थे ।।

# प्रकृति संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन भारतीय परंपराओं में निहित है - डॉ. भरत शर्मा

## "दुर्लभ, विलुप्तप्राय, संकटापन्न प्रजातियों का पुनर्स्थापना आयोजन"

उक्त वक्तव्य डॉ. भरत शर्मा - सदस्य संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने वनमंडलाधिकारी आईएफएस प्रदीप मिश्रा और पूर्व पीसीसीएफ डॉ पी सी दूबे के सहयोग से दुर्लभ, विलुप्तप्राय, संकटापन्न प्रजातियों के संरक्षण के प्रकल्प में इंदौर में शासकीय होलकर विज्ञान( आदर्श स्वशासी )महाविद्यालय परिसर में लगभग ५००० विलुप्तप्राय पौधारोपण के कार्यक्रम में दिया। आपने कहा की विश्व ग्लोबल वार्मिंग के अनचाहे प्राकृतिक समस्या के प्रति गंभीर है और ऐसे में ऐसे प्रकल्प महात्वूर्ण भूमिका निभाते है, नहीं वो वह समय भी दूर नहीं की पानी की तरह अब शुद्ध हवा भी ख़रीदनी पड़े । प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर इस प्रकल्प में अपनी आहुति देना चाहिए और केवल पौधरोपण तक सीमित ना रहकर उस पौधे को विकसित होने तक संरक्षित करने का भी संकल्प लेना चाहिए। म.प्र. लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजेशलाल मेहरा जी ने भी भारतीय परंपराओं में निहित हमारी संस्कृति के माध्यम से प्रकृति संरक्षण के प्रति हमारी चेतना से अवगत कराया ।

आईआरएस कमिश्नर कस्टम श्री राजीव अग्रवाल ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में एकल प्रयासों से प्रकृति संरक्षण के सफल प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि हम इसमें अपनी ज़िम्मेदारी सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम को वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स ने



अभिस्वीकृति देकर सीईओ संतोष शुक्ला जी के द्वारा इसमें सहभागिता करने वाले और आयोजकों को शॉल, स्मृति चिह्न से सम्मानित किया । इस प्रोत्साहन से पूरे सभागार में तालियाँ गूंज उठी । डॉ संतोष शुक्ला ने इस आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए विश्व में अन्य देशों में ऐसे कार्यों का उल्लेख किया और समृद्ध भारतीय प्रयासों की जानकारी दी। उक्त अवसर पर वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और संवर्धन व भारतीय संस्कृति के प्रसार के लिए उल्लेखनीय योगदान देने पर डॉ. भरत शर्मा का सम्मान भी किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्या मेजर डॉ अनामिका जैन ने स्वागत भाषण दिया और पुषगुच्छ से सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजन वरिष्ठ शिक्षक डॉ संजय व्यास ने बखूबी किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आईएएस प्रबल सिपाहा, जीएसटी अधीक्षक कमल सिंग डाबी, शिक्षाविद विक्रम त्रिवेदी, वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि के रूप में राजेश शुक्ला,



राजीव श्रीवास्तव, तिथि भल्ला, अपूर्वा मेनन, डॉ नागेश डगाँवकर, डॉ एम पी श्रीवास व महाविद्यालय के अधिकारी व छात्र सभागार में उपस्थित रहे ।

# सेवा सप्ताह के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल शिवपुरी द्वारा मुक्तिधाम परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया



इस अभियान में नगरपालिका CMO सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं था, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी, और स्वच्छता व हरियाली के लिए जनजागरूकता फैलाना भी था। सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में मंदिरों व मुक्तिधामों की सफाई, पौधारोपण व जनसेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। आज का दिन इस बात का प्रतीक है कि जब संगठन और समाज एक साथ आते हैं, तो बदलाव की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के विभाग, जिला एवं नगर के पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। "एक वृक्ष – सौ जीवन। चलिए, मिलकर प्रकृति को उसका खोया हुआ सम्मान लौटाएं।"

## मदनलाल मंडलोई का भव्य सेवानिवृत्ति समारोह

# 42 वर्षों का स्वर्णिम योगदान पूर्ण

**राजेश धाकड़**

इंदौर ग्राम पीपलदा,मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के वरिष्ठ और समर्पित शिक्षाविद् मदनलाल जी मंडलोई के 42 वर्षों, 4 माह और 8 दिनों के निष्ठापूर्ण सेवाकाल का समापन एक भव्य सेवानिवृत्ति समारोह के साथ ग्राम पीपलदा में संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक समारोह, न केवल उनके शिक्षकीय जीवन की गरिमा का उत्सव बना, बल्कि पूरे ग्राम के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा।

### शिक्षा यात्रा की शुरुआत

श्री मंडलोई ने 21 फरवरी 1983 को शिक्षा विभाग में अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। चार दशकों से अधिक लंबे इस कालखंड में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया। उनकी सेवा सदैव निष्कलंक, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ रही। उनकी इसी समर्पण भावना के




लिए वर्ष 2024 में उन्हें जिले के कलेक्टर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया था।

### समारोह की झलकियाँ

सेवानिवृत्ति समारोह की शुरुआत डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ ग्राम भ्रमण से हुई, जिसने समूचे गाँव को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सामूहिक स्वागत और अभिनंदन पत्रों के माध्यम से ग्रामवासियों और



सहकर्मियों ने मंडलोई के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

### उल्लेखनीय उपस्थिति

इस गरिमामय अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

मुख्य अतिथिः राऊ विधायक मधु वर्मा विशिष्ट अतिथिः पूर्व विधायक जीतू जिराती, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री रवि रावलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मती रीना सतीश मालवीय, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया, मंडल अध्यक्ष मुरली व्यास, धर्मेन्द्र वर्मा, सरपंच किशन मंडलोई सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

समापन में भावुक क्षण समारोह के अंत में श्री मंडलोई ने सभी ग्रामवासियों, सहकर्मियों और अपने परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी समाज का यह स्नेह और विश्वास है।" इस समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि जब कोई व्यक्ति निष्ठा, सेवा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, तो समाज उसे सदा-सदा के लिए सम्मानित करता है।

# अरावली परिसर की बदहाल व्यवस्था देखने पहुंचे एनजीओ के अस्थायी कर्मचारी, रहवासियों ने जताया विरोध

**राजेश धाकड़**

**इंदौर, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूरी टेकरी स्थित अरावली परिसर में व्यवस्थाओं की बदहाली और अनियमितताओं को लेकर रहवासी एक बार फिर आक्रोशित हो गए। रहवासियों की लगातार शिकायतों और जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नगर निगम द्वारा मौके पर निरीक्षण के लिए उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही गई थी। लेकिन शनिवार को निगम अधिकारियों की जगह एनजीओ के टेम्परेरी कर्मचारियों को भेजा गया, जिनके पास न तो आवास योजना की जानकारी थी और न ही समस्याओं के समाधान की कोई स्पष्ट दिशा।**

### नियमों की खुली अनदेखी, रहवासी नाराज़

रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए 2BHK और 3BHK फ्लैट को नियमों को दरकिनार कर जोड़कर एक कर दिया गया है। यह कार्य निगम की अनुमति के बिना किया गया, जो कि मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम का खुला उल्लंघन है। यह नियम स्पष्ट करता है कि किसी भी बहुमंजिला भवन की मूल संरचना में तोड़-फोड़ नहीं की जा सकती। इस बारे में रहवासियों ने



कई बार लिखित शिकायतें कीं, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### रहवासियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि निगम के जिम्मेदार अधिकारी और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कुछ लोग अवैध फ्लैट संयुक्तिकरण करने वालों से मिलीभगत कर मामले को दबा रहे हैं। सीवरेज की समस्या, दीवारों में सीलन, अधूरी बाउंड्री वॉल और टॉयलेट का पानी नीचे के फ्लैट में जाने जैसी गंभीर समस्याएं लगातार बनी हुई हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

### बिना अनुमति मर्ज करने की मिली सलाह!

एक स्थानीय रहवासी ने बताया कि उन्होंने अपने और अपने भाई के फ्लैट को मर्ज करने की अनुमति के लिए नगर निगम कार्यालय से संपर्क किया था। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से नियमों का हवाला देकर मना कर दिया और मौखिक रूप से यह कहा कि "जैसे बाकी लोगों ने किया है, वैसे आप भी बिना अनुमति कर लीजिए।" इस रवैये से आहत रहवासियों का कहना है कि यदि यह मर्जिंग अवैध है तो पहले किए गए निर्माण पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

### रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है किः

अवैध फ्लैट मर्जिंग की निष्पक्ष जांच की जाए सीवरेज, सीलन और अन्य निर्माण से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगे अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो इंदौर नगर निगम और आवास योजना विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए, जिससे जनता का विश्वास बना रह सके।

# पहली बार शिवपुरी में निकाली गई जगन्नाथजी यात्रा



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी| पुरी में निकाली जाने वाली श्री जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर पहली बार शिवपुरी में भी यह ऐतिहासिक आयोजन 6 जुलाई को किया गया। इसकी तैयारी में जहां प्रशासन जुटा हुआ था वहीं भक्त मंडल सदस्यों ने भी पूरी तैयारी कर ली है। थी जिला मुख्यालय शिवपुरी पर इस्कॉन शिवपुरी के तत्वावधान में श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन 6 जुलाई को किया गया है। यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संस्थापक संघ (इस्कॉन) आचार्य अभय चरणारविंद भक्तिवेदांत स्वामी शील प्रभुपाद के आशीर्वाद से निकाली गई। शोभायात्रा रविवार को शाम 4 बजे तात्याटोपे पार्क से दिव्य शंख, ध्वनि, वैदिक मंत्रोचारण के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा नगर में राजेश्वरी रोड होते हुए गुरुद्वारा से होकर, माधवचौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा होते हुए अग्रसेन चौराहा, एम एम हॉस्पिटल होते हुए पोहरी चौराहे से होकर इस्कॉन मंदिर पर संपन्न होगी। इस भव्य धार्मिक रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का पावन रथ रहा। आयोजन ने बताया कि यह मात्र एक महोत्सव नहीं, बल्कि स्वयं परमात्मा से जुड़ने, प्रेम और एकता का अनुभव करने का एक अनुपम अवसर है। इसलिए सब मिलकर इस आध्यात्मिक यात्रा में भगवान की रथ यात्रा का रथ खींचकर पुण्य अर्जन किया। इस यात्रा में पुलिस बल के साथ शिवपुरी जिले की कमान कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और वही एसपी अमन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

सिटी

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार
8 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक 

# मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए

## वह और राज ठाकरे सदैव एक साथ रहेंगे - शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे

मुंबई । शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए वह और राज ठाकरे सदैव एक साथ रहेंगे । महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को घोषणा की है कि मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए वह और राज ठाकरे साथ रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हिंदी थोपे जाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि वे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के साथ मिलकर मराठी भाषा, मराठी मानुष और महाराष्ट्र के संरक्षण के लिए एकजुट हैं और यह एकजुटता की केवल एक शुरुआत है। बालासाहेब ठाकरे के महाराष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिए वे भविष्य में एक साथ रहेंगे।

शिव सेना (यूबीटी) और मनसे की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित 'विजय रैली' में उद्धव ने कहा, "हमारे बीच की दूरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खत्म किया। अब मैं उम्मीद करता हूं कि वे हमें बांटने की कोशिश नहीं करेंगे। हम साथ रहने के लिए एक साथ आए हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को जबरन थोपने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उद्धव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वे अपने सहयोगियों का इस्तेमाल सिर्फ अपने फायदे के लिए करते हैं। उन्होंने कहा, "मेरे पिता ने इस पाखंड के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। अब हम दोनों (उद्धव और राज) मिलकर भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। भाजपा का काम इस्तेमाल करना और फेंकना है। अगर बालासाहेब ठाकरे का आशीर्वाद भाजपा पर नहीं होता, तो ये लोग कहां होते ?" उन्होंने भाजपा के उन आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया। उद्धव ने कहा, "हमने न तो हिंदुत्व छोड़ा है और न ही मराठी गौरव के लिए लड़ने का संकल्प। हिंदुत्व किसी एक भाषा का एकाधिकार नहीं है। हम, जो शुद्ध मराठी बोलते हैं, आपसे ज्यादा देशभक्त हिंदू हैं।" उन्होंने आगे कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब मराठी भाषा को अनिवार्य किया गया था और मराठी भवन का निर्माण शुरू हुआ था। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने इसे बाद में रद्द कर दिया।




मुख्यमंत्री फडणवीस की चेतावनी का जिक्र करते हुए उद्धव ने कहा, "अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी व्यक्ति न्याय मांगता है और आप उन्हें गुंडा कहते हैं, तो हम गुंडे हैं। मुंबई हमारा अधिकार है, हमने इसके लिए लड़ाई लड़ी और इसे हासिल किया। हमने कश्मीर में धारा 370 हटाने का समर्थन किया था। हम हिंदी को जबरन नहीं थोपते, लेकिन अगर कोई महाराष्ट्र में मराठी का विरोध करेगा, तो उसका जवाब दिया जाएगा।"

उन्होंने भाजपा और शिवसेना पर तंज कसते हुए कहा, "कुछ लोग कहते हैं कि उनका 'एम' मराठी का नहीं, बल्कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का 'एम' है, लेकिन हमारे लिए 'एम' का मतलब महाराष्ट्र है।" उन्होंने कहा, "सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन एकता ही ताकत है।" उद्धव ने भाजपा के चुनावी नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' की भी आलोचना की और उन पर मराठी लोगों के बीच फूट डालने का आरोप लगाया।

## तुलसी सिलावट का बड़ा कबूलनामा! कहा- चेतकपुरी सड़क जल्दबाजी में बनाने को लेकर मैंने बनाया दबाव

ग्वालियर। देशभर में ग्वालियर की सबसे ज्यादा किरकिरी कराने वाली नवनिर्मित चेतकपुरी सड़क सवालों के घेरे में है। क्योंकि वह बीते 12 दिनों में 10 से ज्यादा बार धसक चुकी है। ऐसे में इस सड़क के जल्दवाजी और दबाव डाल कर बनबाने से जुड़े सवाल पर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट का भड़कते हुए बड़ा कबूलनामा सवाल आया है। प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने चेतकपुरी सड़क निर्माण में नियमो की अवहेलना के सवाल से खीझते हुए कहा है कि आपने ही (पब्लिक) मुझसे बोला सड़क नहीं बन रही है,आपने ही मुझसे बोला सड़क बनना चाहिए,फिर तो मैं अधिकारियों पर दबाव डालूंगा ही।



### नवनिर्मित सड़क का जायजा लेने पहुंचे थे प्रभारी मंत्री

दरअसल करोड़ों की लागत से तैयार की गई ग्वालियर की चेतकपुरी नवनिर्मित सड़क में हर दिन होने वाले 5 से 10 फीट गहरे गड्ढो को लेकर प्रशासन औऱ ठेकेदार पर बड़े सवाल उठ रहे है। ऐसे में ग्वालियर शहर की चेतकपुरी सड़क सहित अन्य खस्ताहाल सड़कों का जायजा लेने के लिए जब ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट निकले। तो उनका काफिला भी गड्डेदार सड़क से बच नहीं सका। पटेल नगर इलाके में मंत्री के काफिले में शामिल कर जब गुजरी तो मौके पर ही गड्डे को भरने का काम चल रहा था, ऐसे में गड्डे से बचने के लिए जब गाड़ी में अचानक साइड लेने की कोशिश की तो उससे टकराकर बाइक पर चल रहा एक राहगीर पड़ा और उसे हल्की चोटें भी आई।

### खराब सड़कों के चलते

परभारी मंत्री तुलसी सिलावट ,प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के साथ अपनी कार से उतरे औऱ बाइक से ही सड़कों का जायजा लेने आगे बढ़े। जहां जहां सड़को में गड्ढे दिखे साथ में चल रहे जिम्मेदार अधिकारियों को जल्द सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## एमपी में बारिश से बाढ़ के हालात, डिंडोरी में 100 गांवों का संपर्क टूटा, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



भोपाल। Weather Update: मध्य प्रदेश में एक तरफ अच्छी बारिश (Rain) से मौसम सुहाना हो गया है। कई जगहों पर भूजल स्तर बढ़ गया है। लेकिन इस मूसलाधार बारिश ने कई क्षेत्रों में समस्या उत्पन्न कर दी है। जिसकी वजह से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कई जिलों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि फिलहाल आफत की बारिश से राहत के आसार नहीं हैं। कई जिलों में आगामी कुछ घंटों में झमाझम पानी गिर सकता है।

### कई गांवों के संपर्क टूटे

एमपी में लगातार मूसलाधार बारिश से कई इलाकों के संपर्क टूट गए हैं। जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, सिवनी में जनजीवन प्रभावित हो गया है। डिंडौरी में 100 से अधिक गांवों का संपर्क टूट चुका है।

### SDRF ने संभाला मोर्चा

वहीं मंडला में लगातार 12 घंटे बारिश से रास्ते बंद हैं। जिसके बाद SDRF ने मोर्चा संभालते हुए 5 लोगों को रेस्क्यू किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )